हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 25 अप्रैल 2026

06 सांदीपनी विद्यालय रेहटी के भवन निर्माण में...




07 कबाड़ से आग का खतराः चलते ट्रक में भीषण आग...





## खबर संक्षेप

### प्रदेश में गेहूं लक्ष्य 100 लाख टन

**सीहोर**। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने विपणन वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश के गेहूं खरीदी लक्ष्य में 22 लाख मीट्रिक टन की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। बढ़ोतरी के बाद प्रदेश का कुल गेहूं खरीदी लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन तय हुआ है।

### शुगर फैक्ट्री मंदिर में चित्रगुप्त प्रकटोत्सव, छप्पन भोग बांटा



**सीहोर**। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह से मनाया गया। शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में पूजन व अभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार सुबह पूर्ण विधि-विधान से विशेष अभिषेक किया गया। शाम को मंदिर परिसर में छप्पन भोग की प्रसादी बांटी गई।महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया, प्रकटोत्सव गुरुवार को शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में मनाया गया। सुबह विशेष अभिषेक हुआ। शाम को विशेष आरती हुई। पूजन हुआ। भोग लगाया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक रमेश सक्सेना, शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, अविनिश श्रीवास्तव, सौरभ खरे, एसडी सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, मनोज सक्सेना, विवेक सक्सेना मौजूद रहे।

### न ग्रामीणों को रोजगार मिला और न हुआ जल संरक्षण, प्रशासन ने कहा-जांच होगी, एसडीएम ने लिया संज्ञान

# जल गंगा योजना में खेलः 178 में से सिर्फ 23 खेत तालाब पूरे, मशीन से खोदकर मिट्टी बेचने के आरोप

योजना के तहत खेत तालाबों की खुदाई से ग्रामीणों को रोजगार देना और जल संरक्षण सुनिश्चित करना था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई जल गंगा संवर्धन योजना भैरूंदा जनपद पंचायत में सवालों के घेरे में आ गई है। पिछले वर्ष ब्लॉक में स्वीकृत 178 खेत तालाबों में से अब तक केवल 23 तालाब ही पूर्ण हो पाए हैं। बाकी तालाब या तो अधूरे हैं या बनाए ही नहीं गए। इस बीच कई हितग्राहियों पर मशीनों से खुदाई कर मिट्टी बेचने और शासन की राशि लेने के गंभीर आरोप लगे हैं।





### हितग्राहियों ने जेसीबी से कराई खुदाई, मिट्टी बाजार में बेची

योजना के तहत खेत तालाबों की खुदाई से ग्रामीणों को रोजगार देना और जल संरक्षण सुनिश्चित करना था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। आरोप है कि हितग्राहियों ने मजदूरों से काम कराने के बजाय जेसीबी और पोकलेन मशीनों का उपयोग किया। खुदाई से निकली मिट्टी को बाजार में बेच दिया गया, जिससे उन्हें दोहरा लाभ मिला-एक ओर योजना की राशि और दूसरी ओर मिट्टी की बिक्री से कमाई।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि मिट्टी का यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों से मिट्टी और मुरम का परिवहन हो रहा है। यह मिट्टी कॉलोनियों, गोदामों और निर्माण स्थलों पर सप्लाई की जा रही है।

### मिट्टी-मुरम का अवैध कारोबार बढ़ा

तहसील क्षेत्र में पीली मिट्टी और मुरम का अवैध खनन और



परिवहन खुलेआम हो रहा है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक भारी वाहन बिना रोक-टोक दौड़ते नजर आते हैं। इससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि सड़कों पर दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। जल गंगा संवर्धन योजना का उद्देश्य जहां जल संरक्षण और ग्रामीण रोजगार सृजन था, वहीं भैरूंदा में इसके क्रियान्वयन ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सीमित संख्या में तालाबों का निर्माण और अवैध मिट्टी कारोबार के आरोप प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या मामला कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

#### सवाल जो खड़े हो रहे हैं

- क्या योजना का लाभ उठाकर अवैध खनन को बढ़ावा दिया जा रहा है?
- मजदूरों को रोजगार देने का उद्देश्य क्यों नहीं पूरा हो सका?
- क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं या फिर अनदेखी की जा रही है?
- जांच के बाद क्या वाकई कार्रवाई होगी?

#### जिम्मेदारों के बयान

जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि 178 में से 23 खेत तालाब पूर्ण हो चुके हैं। कुछ हितग्राहियों ने तालाब नहीं बनाने की बात कही है और स्वीकृत राशि वापस जमा करने की जानकारी भी दी है। उन्होंने कहा कि निजी भूमि पर तालाब की खुदाई में हितग्राही स्वतंत्र हैं कि वे मजदूरों से कराएं या मशीनों से। हालांकि नियमों के अनुसार खुदाई से निकली मिट्टी का उपयोग तालाब की बाउंड्री या पाल बनाने में किया जाना चाहिए।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कहा, "मिट्टी-मुरम का अवैध खनन और परिवहन का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच करवाते हैं। टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।"


नगर परिषद सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने बताया कि शहर में जहां-जहां मिट्टी डाली जा रही है, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है। संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# वीडियो में बयां किया दर्दः प्रेम विवाह के 6 माह बाद टूटा रिश्ता पत्नी की दूसरी शादी से आहत युवक ने जहर खाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

प्रेम विवाह के महज छह माह बाद रिश्तों में आई दरार ने एक युवक की जिंदगी खत्म कर दी। गोपालपुर थाना क्षेत्र के चोरसाखेड़ी गांव में एक युवक ने 22 अप्रैल को कथित रूप से जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पहले युवक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर अपनी पीड़ा जाहिर की, जिसमें उसने पत्नी और उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए। इस घटना ने न केवल पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, चोरसाखेड़ी निवासी सतीष कुशवाह ने धोलपुर निवासी मंजू के साथ 1 सितंबर 2025 को प्रेम विवाह किया था। दोनों ने परिवार की सहमति से मंदिर में शादी की थी और शुरुआती समय में उनका वैवाहिक जीवन सामान्य रहा। लेकिन करीब छह माह बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि 20 मार्च 2026 को युवती के परिजन उसे अपने साथ ले गए, जिसके बाद से वह अपने मायके में ही रहने लगी। बताया जा रहा है कि जब सतीष अपनी पत्नी को वापस लाने ससुराल पहुंचा, तो उसे साथ भेजने से साफ इनकार कर दिया गया। इसी दौरान उसे यह जानकारी मिली कि उसकी पत्नी का बिना तलाक दिए ही दूसरी जगह विवाह कराया जा रहा है। इस घटनाक्रम से आहत युवक ने 18 अप्रैल को गोपालपुर थाने में आवेदन देकर दूसरी शादी रुकवाने और पत्नी को वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे सतीष मानसिक रूप से टूट गया। मौत से पहले बनाए गए वीडियो में युवक ने पत्नी और उसके परिजनों पर करीब 7 लाख रुपये की मांग और लगातार प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। उसने वीडियो में न्याय नहीं मिलने की पीड़ा भी व्यक्त की, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय रहते उचित कदम उठाए होते, तो सतीष की जान बचाई जा सकती थी। ग्रामीणों में भी इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है और निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।



सतीश कुशवाह, मृतक



इधर, पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मुताबिक, शव का पोस्टमार्टम कर मर्ग कायम कर लिया गया है। युवती और उसके परिजनों से पूछताछ जारी है और सभी बयानों व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ढाबे पर खड़े ट्रक में लगी आगः सागर से इंदौर जा रहे वाहन का सामान जला, गत्ते से भरा था ट्रक

**सीहोर**। शहर के खड़ी जोड़ स्थित एक ढाबे पर शुक्रवार को खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रक और उसमें रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक सागर से इंदौर के पीथमपुर जा रहा था और रास्ते में अन्नपूर्णा ढाबे पर खड़ा था।

ट्रक में गत्ते भरे हुए थे, जिससे आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। वाहन एक निजी कंपनी का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुका था।



### गर्मी में बढ़ रहीं आगजनी की घटनाएं

जिले में इन दिनों तापमान करीब 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। तेज गर्मी और लू के चलते आगजनी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बीते दिनों इंदौर-भोपाल हाईवे पर एक इलेक्ट्रॉनिक बाइक में आग लगने की घटना सामने आई थी। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

### जनगणना के संबंध में 26 को ग्रामों में होंगी विशेष ग्राम सभाएं

**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस कार्य में आमजनों को किसी भी प्रकार की जानकारी देने में भ्रान्ति न हो, इसके लिए 26 अप्रैल को जिले में ब्लॉक स्तर पर सभाएं एवं सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 26 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएं और नागरिकों को जनगणना के प्रथम चरण के बारे में जानकारी दी जाए।

### विद्यालय द्वारा घर-घर पालक संपर्क अभियान चलाया गया

# पहले आओ-पहले पाओ नवाचार बना प्रेरणा स्त्रोतः डीईओ संजय सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय माध्यमिक शाला कौडिय़ा छीतू में शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रारंभ होने के प्रथम माह में ही कक्षा पहली में 30 विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज किया जा चुका है। यह उपलब्धि क्षेत्र के अभिभावकों के बढ़ते विश्वास एवं शिक्षकों के सतत प्रयासों का परिणाम है।

विद्यालय के प्रभारी संजय सक्सेना ने बताया कि नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष पहले आओ- पहले पाओ नवाचार प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारंभिक नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही है।

नामांकन अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय द्वारा घर-घर पालक संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें शाला स्टाफ, रसोइया दल एवं ग्राम के सामाजिक व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।

जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया तथा शिक्षकों के इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से शासकीय विद्यालयों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ता है और नामांकन में सकारात्मक वृद्धि होती है। बीआरसीसी अशोक वर्मा ने नवाचार के लिए विद्यालय के सभी स्टॉफ को बधाई दी। सामग्री प्राप्त कर बच्चे खुशी से झूम उठे और अपने शिक्षकों को धन्यवाद (थैंक्यू) कहा, जिससे विद्यालय का वातावरण उत्साह और आनंद से भर गया।

विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए अपने बच्चों का नामांकन समय से पहले ही कराना शुरू कर दिया है। गत वर्ष विद्यालय में 184 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 18 विद्यार्थियों ने अशासकीय विद्यालय छोडक़र शासकीय विद्यालय में प्रवेश लिया था। इस वर्ष विद्यालय ने 250 विद्यार्थियों के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मतीन मियां शाला स्टाफ-संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, डी.के. मालवीय, देवेंद्र सिंह चौहान, शशिबाला नामदेव, फूलवती सेन, माधुरी जोशी, मंजू राठौर , सिद्धार्थ रघुवंशी तथा रसोइया समूह-शीला मेवाड़ा, लालता मेवाड़ा, लक्ष्मी मालवीय, सरोज मेवाड़ा एवं गीता मेवाड़ा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन माधव सिंह यादव द्वारा किया गया।



#### योजना के अनुसार

पहले 10 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, लंच बॉक्स, कंपास बॉक्स, पानी की बोतल एवं 2 नोटबुक। 11 से 20 तक नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को बैग, लंच बॉक्स एवं कंपास बॉक्स। 21 से 30 तक नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान किए जा रहे हैं।

# डमरू नगाड़ा के साथ कल नगर भ्रमण करेंगे भगवान परशुराम

**सीहोर**। सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वावधान में अपने आराध्य देव जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र चिरंजीवी भगवान परशुराम की शोभा यात्रा कल रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी । मिडिया प्रभारी पंडित सुनील शर्मा व प्रियांशु दीक्षित ने बताया की कल रविवार को भव्य रूप से चल समारोह शोभा यात्रा आचार्यगण साधु संतो की उपस्थिति में वेद मंत्र उच्चारित्र कर शंखनाद के साथ प्रारंभ होगी । ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा,चल समारोह अध्यक्ष पं. राजेश मोहन शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे, महिला मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा, महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया, युवा संघठन अध्यक्ष पं. रजत व्यास,चल समारोह युवा अध्यक्ष पं. तनिश त्यागी,पं. रुपेश तिवारी, महिला मंडल अध्यक्ष उमा शुक्ला, चल समारोह महिला उपाध्यक्ष शिल्पी तिवारी ने सभी विप्र बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें । भगवान परशुराम चल समारोह शोभा यात्रा ब्राह्मण धर्मशाला खजांची लाइन से शाम 5 बजे शंखनाद से प्रारंभ होगी और चिरंजीवी भगवान परशुरामजी नगर भ्रमण कर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे । शोभा यात्रा नमक चौराहा, सब्जी मंडी,गाड़ी अड्डा,भगवान परशुराम चौराहा कोतवाली, सिद्धेश्वर मंदिर मेंन रोड, माँ कालका मंदिर पान चौराहा,बड़ा बाजार, अटल चौक, मनकामेश्वर मंदिर से होकर बाल विहार ग्राउंड पहुंचेगी । कार्यक्रम स्थल पर साधु संतों का आशीर्वाद व विचार आमजन को प्राप्त होंगे । शोभा यात्रा में बैंड बाजे,ढोल,नगाड़ा, डमरू, चलीत झांकियां, आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे ।



## खबर संक्षेप



### डीएसवाय ने सीहोर मिनी वाइज को 3-2 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर मिनी बाइज को डीएसवाय ने 3-2 के रोमांचक मुकाबले में हराया। गुरुवार की शाम को हुए एक कांटे के मैच में सीहोर मिनी बाइज की टीम को डीएसवाय ने 3-2 से हराया। इस मैच में मिनी बाइज की ओर से राजवीर-चित्रांश ने एक-एक गोल किया।

### विश्व मलेरिया दिवस पर बैठक आयोजित

**सीहोर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में रोकथाम और नियंत्रण के प्रयासों को गति देने के लिए भैरूंदा सिविल अस्पताल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डेंगू प्रभावित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम करना और स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाना था। बैठक के दौरान मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण, स्वच्छता अभियान सहित अनेक बिंदुओं पर विसतार से चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे ने तकनीकी बारीकियों को साझा करते हुए बताया कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं, इसलिए घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सरपंच और सचिव अपने स्तर पर ग्रामीणों को ₹हर रविवार-डेंगू पर वार₹ जैसे जागरूकता अभियानों से जोड़ें।

### कृष्णा ब्लास्टर ने क्रिसेंट वारियर्स को 116 रन के विशाल अंतर से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी राय इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कृष्णा ब्लास्टर की टीम ने क्रिसेंट वारियर्स को 116 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में कृष्णा ब्लास्टर की ओर से हार्दिक ने 80 रन की शानदार पारी खेली। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की पूरी टीम 239 रन पर 37 ओवर में सिमट गई। इसमें हार्दिक ने 80 रन, मानस सोनी ने 68 रन, चिराग पालीवाल ने 19 रन, यूरेश भारती ने 30 रन की पारी खेली। इधर क्रिसेंट वारियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए हार्दिक वर्मा ने तीन विकेट, स्पनिल भारिया, निर्भय प्रजापति ने दो-दो विकेट, रनवीर ने एक विकेट हासिल किया था। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिसेंट वारियर्स की टीम 20.2 ओवर में 123 रन पर ढेर हो गई। इसमें आदिल खान ने 48 रन, निर्भय प्रजापति ने 24 रन की पारी खेली। इसके अलावा कृष्णा ब्लास्टर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मानस सोनी ने तीन विकेट, उज्जवल ने दो विकेट, वंश, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, लक्की प्रजापति, वरुण शुक्ला ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### नवंबर-2022 में हुआ था भूमि पूजन, दो साल में बनाकर देनी थी बिल्डिंग

# सांदीपनी विद्यालय रेहटी के भवन निर्माण में लापरवाही, अब मिला अल्टीमेटम

### स्कूल का नाम बदल गया, लेकिन ठेकेदार ने अपने काम की स्पीड नहीं बदली, अब 30 जून 2026 अंतिम डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




रेहटी स्थित निर्माणाधीन शासकीय सांदीपनी स्कूल भवन निर्माण में गम गंभीर लापरवाही सामने आई है। दरअसल नवंबर-2022 में स्कूल भवन के लिए भूमिपूजन किया गया। उस समय दो साल की डेडलाइन तय की गई थी।

2024-25 में स्कूल को शिक्षा विभाग के हैंडओव्हर करना था, लेकिन इन सालों में सीएम राईज स्कूल से नाम बदलकर शासकीय सांदीपनी विद्यालय हो गया। इसके बाद भी ठेकेदार ने अपने काम की स्पीड नहीं बदली। अब निर्माण कर रही एजेंसी वीवीएलसी इंफ्रा को अंतिम डेडलाइन 30 जून की दी है। इस तारीख तक स्कूल का निर्माण कार्य पूरा करना है। हालांकि अब भी स्कूल में कई काम बाकी है। ऐसे में इस बार भी ठेकेदार से नई तारीख मिलना तय माना जा रहा है।

रेहटी में शासकीय सांदीपनी स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 24 करोड़ रूपए से भवन का निर्माण हो रहा है। स्कूल निर्माण की मुख्य एजेंसी भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए) है, लेकिन बीडीए ने पेटी कांटेक्ट वीवीएलसी इंफ्रा गुना को दिया है। वीवीएलसी इंफ्रा ने रेहटी के अलावा शाहगंज में भी भवन निर्माण किया है। शाहगंज स्थित शासकीय सांदीपनी विद्यालय का लोकार्पण भी हो चुका है, लेकिन रेहटी में काम की रफ्तार बेहद धीमी है। काम की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में इस बार भी तय डेडलाइन तक काम होना बेहद मुश्किल है।

#### ऐसे मिलती रही तारीख पे तारीख

वीवीएलसी इंफ्रा ने स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू से ही बेहद लापरवाही एवं धीमी रफ्तार से किया। इसके पीछे कारण भी बार-बार बदली गई ड्राईंग को बताया गया। ड्राईंग में बदलाव जरूर हुआ, लेकिन इतना भी नहीं हुआ कि इससे काम इतनी देरी से हो। स्कूल भवन निर्माण की डेडलाइन 2024 थी, लेकिन इसके बाद इसे बार-बार बढ़ाया जाता रहा। हालांकि इस दौरान एजेंसी एवं ठेकेदार को भी अल्टीमेटम दिया गया। इसके बाद डेडलाइन 31 मार्च 2026 की गई, लेकिन इस डेडलाइन पर भी काम पूरा नहीं हुआ तो अब अंतिम डेडलाइन 30 जून की गई है। इस डेडलाइन तक हर हाल में ठेकेदार को स्कूल भवन निर्माण कार्य पूरा करना ही होगा। इस बार कलेक्टर बालागुरू के. ने भी नाराजगी जताई है।

#### क्या बोले अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने कहा कि रेहटी में शासकीय सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य चल रहा है। अभी कुछ कार्य बाकी है उसके लिए ठेकेदार को कहा गया है कि वो जल्दी से उसे पूरा करें। शासकीय सांदीपनी विद्यालय प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि रेहटी स्कूल निर्माण कार्य चल रहा है। स्कूल भवन में अभी कुछ कार्य बाकी है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है। इस बार उम्मीद है कि नए सेशन तक स्कूल हैंडओव्हर हो जाएगा।

## जनगणना का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**बुधनी।** नगर परिषद द्वारा भारत की आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 अप्रैल को नगर परिषद सभागृह में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रगणक,पर्यवेक्षक एवं मास्टर ट्रेनर्स को जनगणना से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन चार्ज अधिकारी संतोष रघुवंशी के मार्गदर्शन में किया गया इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में जनगणना को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए सभी प्रतिभागियों से ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर महेश प्रसाद दायमा एवं रविंद्र राजोरिया ने घर-घर सर्वेक्षण, डेटा संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और संभावित समस्याओं के समाधान पर विस्तार से जानकारी दी प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रक्रिया समझाई गई तथा प्रतिभागियों को फील्ड पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य को सेवा भाव एवं कर्तव्यनिष्ठा से करने की शपथ दिलाई गई साथ ही जानकारी दी गई कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन 1 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा। गुरुवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया इस अवसर पर बताया गया कि सभी प्रतिभागी आगामी जनगणना कार्य के लिए पूरी तरह तैयार हैं नगर परिषद द्वारा प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

# बीजेपी ने कांग्रेस का पुतला जलाया: नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे भी लगाए






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में नारी शक्ति वंदन बिल के समर्थन में बीजेपी महिला मोर्चा ने शहर में प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, रीतू जैन, अलका चौहान, पंकज गुप्ता, राजेन्द्र राजपूत, सविता राठौर, अंजली विशाल चौरसिया, वंदना और तारा आदि बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, पार्षद, भाजपा पदाधिकारी और क्षेत्रवासी शामिल थे। नारी शक्ति बिल का विरोध करने वाले नेताओं के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मौजूद महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि यह बिल महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे रोककर अपनी महिला विरोधी सोच उजागर की है। उनका कहना था कि महिलाओं को अब ऐसे दलों को जवाब देना चाहिए जो उनके अधिकारों के खिलाफ खड़े हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाए। महिला मोर्चा ने स्पष्ट किया कि वे महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर लगातार आवाज उठाती रहेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि आने वाले समय में भी इस मुद्दे को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जाए।

# विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न, शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन सहायक संचालक एवं बीईओ साक्षी जैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान परीक्षा परिणाम, नामांकन, ई-अटेंडेंस, प्रोफाइल अपडेट, छात्रवृत्ति स्वीकृति, अपार आईडी, द्वितीय परीक्षा हेतु विशेष कक्षाओं के संचालन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य विभागीय विषयों पर गहन चर्चा की गई।

बीईओ साक्षी जैन ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि शासन एवं विभाग के निर्देशों का समयबद्ध और प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, छात्र हितकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया।

बैठक में आगामी शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा की तैयारियों एवं विद्यालयों के समग्र विकास को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान ललित कीर, कन्या संकुल प्राचार्य गंभीर सिंह, आर.एन. यादव, विजय नागर, शैतान सिंह यादव, सुंदरलाल पेठारी एवं सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया सहित विकासखंड के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति बोरवेल खनन पर बोरिंग मशीन जब्त




**सीहोर।** भैरूंदा पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान दुर्गा चौक के पास डूडी कांप्लेक्स के अंदर अवैध रूप से बोर करते हुए एक बोरिंग मशीन जब्त की गई। गश्त के दौरान जब पुलिस ने बोर लगवा रहे व्यक्ति श्रवण पंवार से बोर अनुमति के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे तो वे दस्तावेज नहीं दे पाए। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर पुलिस द्वारा बोरिंग मशीन और उसके साथ चलने वाली लोडेड बोरिंग मशीन जब्त कर श्रवण पवार के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई उप निरीक्षक कौशलेन्द्र बघेल, लोकेश सोलंकी, आरक्षक विपिन जाट, सतेन्द्र दोहरे और सैनिक मद्दूलाल द्वारा की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जिले में 31 जुलाई तक बिना अनुमति के बोरवेल खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# किसानों को सरल व सहज भाषा में तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएं अधिकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कृषि विभाग द्वारा भाऊखेड़ी स्थित आजीविका पार्क में परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कलेक्टर बालागुरू के. ने कार्यशाला का शुभारंभ किया।

कार्यशाला में कलेक्टर बालागुरू के. ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को तकनीकी जानकारी सरल, सहज और स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराई जाए, ताकि अंतिम छोर पर बैठे किसान भी नई तकनीकों और योजनाओं को आसानी से समझकर अपने खेतों में लागू कर सकें। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में बेहतर परिणाम तभी संभव हैं, जब जानकारी का प्रभावी संप्रेषण सुनिश्चित हो और किसान आधुनिक तकनीकों के साथ पारंपरिक ज्ञान का भी समन्वय करें।

कार्यशाला के दौरान कलेक्टर ने नरवाई प्रबंधन के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नरवाई जलाने से न केवल भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नरवाई न जलाएं और इसके वैज्ञानिक प्रबंधन के विकल्प अपनाएं, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो सके।

इस अवसर पर उन्होंने परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि किसान प्राकृतिक खेती की ओर आकर्षित हों। उन्होंने उर्वरकों के संतुलित एवं आवश्यकतानुसार उपयोग पर बल देते हुए कहा कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की सेहत खराब होती है, इसलिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर किसानों से सीधे संवाद स्थापित करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें, जिससे जिले में कृषि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व, उन्नत तकनीकों एवं संसाधनों के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। परम्परागत कृषि विकास योजना वर्ष 2015 से पूरे भारत में लागू की गयी, जो की निरंतर कार्यरत है। योजना के मुख्य उद्देश्य रासायनिक खाद तथा कीटनाशको के उपयोग को कम करना, जैविक खेती को बढ़ावा देना, मिट्टी की उर्वरता ओर पर्यावरण संरक्षण कर किसानो की आय बढ़ाना, सुरक्षित व रसायन मुक्त खाद्य उत्पादन को बढ़ाना है। जिले में इस योजना का संचालन 03 विकास खण्डों आष्टा, इछावर तथा बुधनी में 500 हेक्टेयर प्रति विकास खण्ड के अनुसार किया जा रहा है।

कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने कहा कि अंधाधुंध रासायनिक खाद का प्रयोग मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट कर रहा है। इसके विकल्प के रूप में उन्होंने किसानों को वर्मी कंपोस्ट, हरी खाद और जैविक खाद अपनाने की सलाह दी, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जमीन को उपजाऊ बनाए रखा जा सके। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. निशा ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही डॉ. आशुतोष मिश्रा और डॉ. रामपुरिया ने आवश्यक जानकारी दी।

कार्यशाला में एनआरएलएम के डीपीएम दिनेश बर्फा ने बताया कि गौशालाओं में नई तकनीकों के माध्यम से पशुओं की स्थिति की जानकारी मोबाइल पर ही प्राप्त हो जाती है। इससे किसान पहले से ही जान सकते हैं कि पशु स्वस्थ है या नहीं तथा समय पर आवश्यक देखभाल कर सकते हैं। कार्यक्रम में डीडीए अशोक कुमार उपाध्याय, पशुपालन उप संचालक डॉ. आरपी गौतम, डीपीएम दिनेश बर्फा, जनपद उपाध्यक्ष शंकर जायसवाल, सहायक संचालक कृषि मिनी चौकसे, डॉ. निशा, डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. रामपुरिया सहित अनेक विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जयंती पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे

# महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि-पूजन, उद्यान का होगा नामकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 मई को नगर में ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 14 में निर्मित हो रहे नवीन उद्यान में उनकी विशाल प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया जाएगा। साथ ही उद्यान का नामकरण भी 'महाराणा प्रताप उद्यान' के रूप में किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। आयोजन के तहत लगभग 15 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए वीरता और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा बनेगी। लंबे समय से राजपूत समाज द्वारा की जा रही इस मांग को अब मूर्त रूप मिलने जा रहा है। इस पूरे प्रस्ताव को साकार करने में भाजपा नेता महेंद्र परिहार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने समाज की भावनाओं को प्रमुखता से उठाते हुए नगर परिषद के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। उनके प्रयासों के चलते यह प्रस्ताव स्वीकृति तक पहुंचा और अब जमीन पर उतरने जा रहा है। समाज के बीच उनकी इस पहल को काफी सराहना मिल रही है। महेंद्र परिहार ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए आदर्श हैं। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिससे हर नागरिक को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम समाज की भावनाओं का सम्मान करने वाला है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना सहित सभी पार्षदों ने इस प्रस्ताव पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहमति जताई, जिसे एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है। इस निर्णय को नगर के विकास और गौरव से जोड़कर देखा जा रहा है।

आयोजन को भव्य बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न होगा, जिसमें जिलेभर के सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

जयंती के अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महाराणा प्रताप के जीवन, उनके संघर्ष और आदर्शों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक होगा, बल्कि समाज में राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की भावना को भी सशक्त करेगा।

# कबाड़ से आग का खतरा: चलते ट्रक में भीषण आग, वार्ड 08 में भी हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में कबाड़ से जुड़ी लापरवाह व्यवस्थाएं अब बड़े खतरे का संकेत देने लगी हैं। गुरुवार सुबह कुरावर के समीप नेशनल हाईवे 46 पर एक चलते ट्रक में भीषण आग लगने की घटना ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। वहीं दूसरी ओर नगर के वार्ड क्रमांक 08 में सड़कों पर फैले कबाड़ के कारण भी इसी तरह की आगजनी और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, जिससे स्थानीय लोग चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 8 बजे एक ट्रक क्रमांक आर जे 11 जीसी 4447 भोपाल से कबाड़ भरकर दिल्ली की ओर जा रहा था, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक सामान का कबाड़ भरा हुआ था। रेड रोज स्कूल के पास अचानक ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ। घटना की








सूचना मिलते ही कुरावर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड सहित ओसवाल डेनिम यूनिट से भी दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन ट्रक में रखा अधिकांश कबाड़ जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इधर नगर के वार्ड क्रमांक 08 में कई कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनका सामान सड़कों तक फैला रहता है। इनमें प्लास्टिक, बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री शामिल है, जो अत्यधिक ज्वलनशील होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन दुकानों को व्यवस्थित नहीं किया गया, तो यहां भी कभी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कबाड़ की दुकानों को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर साफ-सुथरा एवं सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, 2 लोग गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले के कई शहरों में नकली नोट चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाष हो गया है। जिले में धोखाधड़ी संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा एक संगठित ठग गिरोह का पर्दाफाश किया गया है, जो कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर लोगों से बड़ी रकम की ठगी कर रहे थे।

आरोपी सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर उन्हें कागज से असली नोट बनाने



का झूठा डेमो दिखाते थे। केमिकल एवं पानी के माध्यम से नोट बनाने का भ्रम पैदा कर विश्वास अर्जित करते थे, फिर बड़ी रकम लेकर नकली गड्डियां थमा देते थे, जिनमें ऊपर-नीचे असली नोट और बीच में कागज के टुकड़े होते थे। 17 अप्रैल 2026 को कांसारे जोड़ के पास गुना-ब्यावरा हाईवे पर पंकज प्रजापति निवासी गुना एवं उनके साथियों से आरोपियों द्वारा 5,00,000 लेकर लगभग 40,00,000 बताकर नकली नोटों की गड्डियां दी गईं, जिनमें अधिकांश कागज के टुकड़े भरे हुए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित विशेष टीम गठित की गई।

**टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से हुई जांच:** घटनास्थल एवं टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ब्लैक स्कोडा (एमपी 04वाईएफ 6943) वाहन चिन्हित किया गया। कंट्रोल रूम राजगढ़ से भोपाल को सूचना दी गई, जिसके बाद मात्र 4 घंटे के भीतर थाना निशातपुरा भोपाल पुलिस के सहयोग से वाहन सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### यह माल हुआ जब्त

जप्ती ब्लैक स्कोडा कार कीमत लगभग 15 लाख 500 के नोट की 8 गड्डियां 4,00,000 100 के नोट की 14 गड्डियां ऊपर-नीचे असली नोट, बीच में कागज पूछताछ में खुलासा हुआ है। आरोपी मोहम्मद हनीफ ने स्वीकार किया कि वह लोगों को भ्रमित करने के लिए झूठी कहानी बनाता था कि उसके रिश्तेदार देवास प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत हैं। केमिकल व पानी से नकली डेमो दिखाकर विश्वास में लेकर ठगी की जाती थी।

### इनकी रही भूमिका

इसमें निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़ (थाना प्रभारी ब्यावरा सिटी), निरीक्षक जितेन्द्र मावई (टीआई कुरावर), उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे (प्रभारी साइबर सेल), उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक गोविंद मीणा, उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह (थाना कुरावर), प्रधान आरक्षक हेमन्त सिंह राजपूत, आरक्षक राहुल मीना, आरक्षक गुरु गोविंद मीणा, आरक्षक बनवारी मीना, आरक्षक पियूष गुप्ता, आरक्षक धीरेंद्र कुमार, आरक्षक हितेश यादव, आरक्षक नवल एवं आरक्षक बलराम (थाना कुरावर) की सराहनीय भूमिका रही।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण, अभाविप ने कॉलेज में राष्ट्रभक्ति स्वर गुंजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के तत्वाधान में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय परिसर में वंदे मातरम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजगढ़ विभाग संगठन मंत्री रोहित सोनी ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और युवाओं के जीवन में राष्ट्रभक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो हर युवा को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर अशोक सेन ने भी अपने विचार





व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से देशहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नगर मंत्री नरेंद्र सौंधिया ने स्वागत भाषण दिया। महाविद्यालय प्राचार्य हिमांशु चाष्टा ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खारपा प्राचार्य राधेश्याम पुरवइया भुवनेश गुप्ता, दिनेश दांगी, उपाध्यक्ष रामेश्वर पवांर , दीपक सोनगरा , स्नेहा वर्मा , सुरेखा चैहान , निकिता प्रजापति , आशा प्रजापति , हरीश मालवीय सहित अनेक विद्यार्थी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

# 35 लाख की स्मैक व कैमिकल सहित मुख्य सप्लायर गिरफ्तार, की पूछताछ

## पुलिस ने क्रमबद्ध रूप से बढ़ाई थी अपनी जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



विगत दिनों जिला पुलिस ने जीरापुर की आवास कॉलोनी निवासी एक दंपत्ति को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 88 हजार रुपए का स्मैक पाउडर जब्ती में लिया। उक्त दोनों पति-पत्नी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस तभी से स्मैक के मुख्य सप्लायर को दबोचने की फिराक में लगी हुई थी।

इस मामले में जीरापुर पुलिस द्वारा की गई आगे की विवेचना में अब स्मैक के मुख्य सप्लायर घाटोली राजस्थान निवासी जगदीश पिता बीरमचंद तंवर को भी पकड़ लिया गया है। आरोपी जगदीश जिले के माचलपुर क्षेत्र के पीपल्याकुल्मी निवासी शकील पिता शब्बीर मंसूरी सहित अन्य को स्मैक सप्लाई करता था। पुलिस ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात्रि शकील के घर दबिश देकर उसके ठिकाने से 298 ग्राम अवैध स्मैक एवं 4486 किलो कैमिकल(टांका) जब्ती में लिया है। जब्त माल की कुल कीमत करीब 35 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी शकील को गिरफ्तार करते हुए उस पर एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। जब्तशुदा मादक पदार्थ को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया है। इस पूरे सफलता में भोजपुर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा एवं उनकी टीम सहित सायबर सेल राजगढ़ का विशेष योगदान रहा।

### ऑपरेशन शुद्धि के तहत जारी रहेगी कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बताया कि ऑपरेशन शुद्धि के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ जिला पुलिस की कार्यवाही अनवरत रूप से जारी रहेगी।

संयुक्त टीम ने गांव पहुंचकर रुकवाया बाल-विवाह

# आधार में 18 तो मूल दस्तावेजों में 15 वर्ष की निकली 'बालिका वधु'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस एवं प्रशासन की सक्रियता से कालीपीठ क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका वधु बनने से बच गई। दरअसल, 22 अप्रेल को बाल विवाह कन्ट्रोल रूम पर शिकायत मिली थी कि कालीपीठ क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका का विवाह करवाया जा रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ श्याम बाबू खरे, वन स्टॉप सेंटर प्रशासिका रश्मि चैहान, कोतवाली टीआई मंजू मंखेनिया, सुपरवाईजर पूजा विजयवर्गीय टीम सहित संबंधित गांव पहुंचे। गांव में शादी वाले घर पहुंचने पर जब बालिका का आधार कार्ड मांगा गया तो उसमें उसकी आयु 18 वर्ष 1 माह निकली। आधार कार्ड के फर्जी होने के संदेह पर टीम ने तुरंत जिला शिक्षाधिकारी से संपर्क कर गांव के शिक्षक गोपाल भलवाला को मौके पर बुलवाकर शाला की स्कॉलर पंजी का अवलोकन किया। पंजी और राज्य शिक्षा केंद्र की मार्कशीट के अनुसार बालिका की आयु 15 वर्ष 8 माह ही निकली।

### शादी रुकवाकर प्रशासनिक आश्रम स्थल लाई गई वधु

वास्तविकता ज्ञात होते ही सेमलाबे गांव से आ रही बालिका वधु की बारात को रोका गया और परिवारजनों को बाल विवाह



प्रतिशेध अनियमत के तहत समाईस दी गई। विवाह आयोजन स्थल पर विवाह की समस्त तैयारियों हो चुकी थीं। बालिका के हाथों में मेहंदी लगी थी एवं शरीर पर हल्दी लगी थी जो कि विवाह के अनुष्ठान का आयोजन करना स्पष्ट प्रदर्शित होता पाया गया। उक्त परिस्थिति को देखते हुए उपस्थित जांच दल द्वारा कार्यवाही कर प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करवाई गई। साथ ही बालिका को वन स्टॉप सेंटर सेंटर में देर रात 2 बजे आश्रय हेतु लाया गया, ताकि बालिका के सर्वोत्तम हित में कार्यवाही की जा सके।

# कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर जांची व्यवस्थाएं

## बेड़कापुरा एवं करेड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार दोपहर राजगढ ब्लॉक के बेडाकापुरा शासकीय वेयर हाउस एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेडी खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समय पर तौल, बिल जनरेट होने की स्थिति, समय पर किसानों का भुगतान हो रहा है या नही एवं किसानों के लिए उपार्जन केन्द्र पर पानी एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही उपार्जन की पूरी प्रक्रिया की सुक्ष्मता से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सर्वेयर ऐप, नॉन के सॉफ्टवेयर, वेयर हाउसिंग सॉफ्टवेयर सहित मॉड्यूल के बारे में उपस्थितों से जानकारी लेकर निर्देश दिए कि किसानों का समय पर भुगतान किया जाए। निरीक्षण के दौरान तुलाई कार्य का अवलोकन करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि तौल पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया जाए। बारदाना की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने तथा भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।




# पुराना एबी रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाने उतरा नपा अमला, समान जब्त के निर्देश

**सारंगपुर।** नगर के पुराने एबी रोड पर लंबे समय से चल रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर उत्पन्न समस्या के निराकरण के लिए गुरुवार को नगर पालिका की टीम सड़क पर उतरी और दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अस्थायी रूप से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, आए दिन जाम की स्थिति से आमजन और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को लेकर समाचार पत्र में खबरें प्रकाशित हो रही थीं, जिसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका सीएमओ दीपक रानवे के निर्देश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर हाईवे किनारे लगे अवैध अतिक्रमण को हटवाया। और कुछ सामान जप्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में सड़क पर किसी प्रकार का कब्जा न करें, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरआई सूर्य प्रकाश झाला, दरोगा सतीश कंडारे, तरुण दावरे सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा। टीम ने सड़क किनारे खड़े ठेलों और अस्थायी दुकानों को हटवाते हुए यातायात को सुचारू बनाने का प्रयास किया। नगरवासियों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे जाम की समस्या में राहत मिलेगी।


# गाय बचाने में शराब से भरी कार पलटी, दो लोग गंभीर घायल, शराब वैध या अवैध यह पुलिस जांच का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को दोपहर में सड़क हादसे की फिर खबर आई सारंगपुर नेशनल हाईवे पर एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया, जिसमें दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांदा निवासी जगदीश पिता देवी सिंह नागर (हाल मुकाम देवास) एवं दुर्गेश पिता भाव सिंह नागर (हाल मुकाम इंदौर) अपने गांव से कार द्वारा देवास की ओर जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक गोपालपुरा के समीप अचानक सड़क पर गोवंश आ जाने से वेगेनार कार (क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू एफ 5467) के चालक का संतुलन बिगड़ गया। गाय को





बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरा और पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार में रखी देशी शराब की पेटियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में कार सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही जननी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया। यहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई थी। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क पर अचानक आवारा पशुओं के आ जाने से बढ़ते हादसों को लेकर लोगों में चिंता हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर पशुओं की आवाजाही रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि दुर्घटनाग्रस्त कार में देशी शराब की पेटियां भरी हुई थीं। यह शराब वैध थी या अवैध, इस संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



# कार-ऑटो की भिड़ंत में 13 वर्षीय बालक की मौत, गांव में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मऊ गांव के समीप स्थित शराब दुकान के सामने यह दुर्घटना सुबह करीब 5रू00 बजे हुई। कमलसरा गांव से लहसुन भरकर मंडी जा रहे एक लोडिंग ऑटो को पीछे से आ रही एक अल्टो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में सवार बालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल बच्चे को सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के कारण इस तरह के हादसे बढ़ते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उक्त क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

## फूलमाली सोशल उत्थान समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# महादेव का पूजन-अर्चन कर मनाया समाज का उत्पत्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर

फूल माली सोशल उत्थान समिति मध्य प्रदेश के आवाहन पर ब्लॉक इकाई के तत्वावधान मे गुरुवार को फूल माली समाज का उत्पत्ति दिवस मनाया गया जिसके तहत समिति के सदस्यों द्वारा बदली पूरा हनुमान मंदिर परिसर स्थित पूर्णेश्वर महादेव की 11 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर महा आरती की गई तथा समिति सदस्यों द्वारा पुजारी का साफा बांधकर तथा दुपट्टा डालकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फूल माली महा पंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने कहा कि फूल माली समाज (नाभावंशी) की उत्पत्ति भगवान विष्णु की नाभि या भगवान शिव के मैल से हुई हे ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने कैलाश पर्वत पर एक बगीचा बनाकर उसकी रक्षा के लिए अपने शरीर के मेल से एक पुतला बनाकर उसमें प्राण डालकर वन माली का निर्माण किया वही एक अन्य मान्यता के अनुसार फूलमाली समाज को भगवान विष्णु की नाभि कमल से वैशाख सप्तमी जिसे गंगा



सप्तमी भी कहा जाता है को माली समाज की उत्पत्ति का दिन माना जाता है इसलिए फूल माली समाज गंगा सप्तमी को अपना उत्पत्ति दिवस मनाता है कार्यक्रम का संचालन फूल माली सोशल उत्थान समिति प्रदेश व्यवस्था प्रमुख मनोज पुष्पद ने किया तथा आभार बागकुआ टंकी पंचायत अध्यक्ष कैलाश वर्मा ने माना। इस दौरान फूल माली सोशल उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पुष्पद पवन पुष्पद नारायण सोनी दीपू दास बैरागी अखिलेश चैहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 26 अप्रैल को

**गुना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026, 26 अप्रैल को ओ.एम.आर. पद्धति से प्रातः 10 से 12 एवं दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक, दो सत्रों में जिला मुख्यालय के 5 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा हेतु ग्वालियर संभाग अंतर्गत शेखर वर्मा, से.नि. आई.ए.एस. को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक वर्मा का 24 अप्रैल से भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आयोग के निर्देशानुसार संभागीय पर्यवेक्षक वर्मा के लिये आवश्यक व्यवस्था हेतु लायजनिंग ऑफिसर प्रोटोकॉल एवं सत्कार व्यवस्था के लियेमयंक तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील गुना को नियुक्त किया गया हैं।

**खबर संक्षेप**

### आज किया जाएगा भंडारे का आयोजन

**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह मंत्रोच्चार के साथ दिव्य अनुष्ठान किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रों के साथ मंगलाचरण हुआ। वहीं पूर्ण विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की गई, अब शनिवार को यज्ञ संचालक श्री-श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में देव पूजन, हवन एवं पूर्णाहुति, भंडारा, विदाई और मानस एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर ने बताया कि विगत छह दिनों में समिति के द्वारा रात्रि को नगर भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की है, वहीं शनिवार को महा आरती के पश्चात दोपहर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

यज्ञ संचालक पंडित श्री कटारे बाबा ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा के बिना मूर्ति पूजा अधूरी मानी जाती है। यह प्रक्रिया ही मूर्ति को देवता बनाती है, प्राण-प्रतिष्ठा हिंदू धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण वैदिक अनुष्ठान है, जिसका अर्थ मंत्रोच्चार के माध्यम से निर्जीव मूर्ति में दिव्य जीवन शक्ति का संचार करना है। यह प्रक्रिया साधारण पाषाण प्रतिमा को जागृत देवता के रूप में परिवर्तित करती है, जिससे वह पूजा के योग्य बनती है। इसके बाद मूर्ति साक्षात ईश्वर का साकार रूप मानी जाती है, न कि केवल एक पत्थर। शहर के बस स्टैंड स्थित का जीर्णोद्धार किया गया है। पांच करोड़ से अधिक की लागत का मंदिर शहर के मध्य है और क्षेत्रवासियों के सहयोग से निर्मित हुआ है। यहां पर नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन निरंतर किया जाएगा। यहां पर महोत्सव में सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन के अलावा मानस सम्मेलन, महाकाल मंडल रामलीला उज्जैन के द्वारा मंचन किया जा रहा है। शुक्रवार को सात दिवसीय श्रीराम कथा में भगवान श्रीराम का जन्म, वनवास आदि का विस्तार से वर्णनण किया।

### पं. धीरेंद्र शास्त्री, अनिरूद्धचार्य और साध्वी ऋतंभरा भी होंगी शामिल

# 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव के साथ कथा और 51 कन्याओं का होगा विवाह समारोह संपन्न

विशाल आयोजन की तैयारियों को लेकर अहम बैठक संपन्न, 151 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा








नगर में आगामी दिनों में आयोजित होने जा रहे भव्य 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव, दिव्य कथा एवं 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर मानस भवन, आष्टा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, मातृशक्ति एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता शेषनारायण मुकाती ने की। इस अवसर पर सत्यनारायण कमरिया, कैलाश परमार, दिनेश सोनी (शीतला माता समिति अध्यक्ष), सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, मिट्ठुपुरा सरकार एवं बाबू दादा देवल विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 151 समाजसेवियों की कार्यकारिणी का गठन किया गया। उल्लेखनीय है कि आमंत्रित सदस्यों में लगभग 80 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज की गई, जो इस महाआयोजन के प्रति नगरवासियों के उत्साह और सहभागिता को दर्शाती है।कार्यक्रम के सूत्रधार संजीव सोनी 'पांचम' ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सेवा और एकता का भी सशक्त माध्यम बनेगा।

उन्होंने बताया कि महोत्सव में देशभर से संत-महात्माओं का आगमन होगा, जिससे नगर में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होगा।शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के अंतर्गत 11 लाख रुद्राक्ष वितरण, भव्य कथा आयोजन तथा 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से इस पुण्य आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।बैठक का संचालन व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर एवं कुशल पाल लाला ने किया। दोनों ने आयोजन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर बैठक को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। बैठक में विशेष रूप से कन्या विवाह संयोजक विजयलक्ष्मी उपाध्याय, सहसंयोजक सविता सोनी, रुद्राक्ष वितरण समिति संयोजक संध्या बजाज, सहसंयोजक तारा कटारिया, ग्रामीण क्षेत्र से संयोजक गुलाबबाई ठाकुर एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीना सिंगी सहित मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।बैठक के दौरान सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं मातृशक्ति ने एक स्वर में आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया और तालियों की गूंज के साथ अपना समर्थन व्यक्त किया। सभी ने तन-मन-धन से सहयोग करने का विश्वास दिलाया। आयोजन समिति द्वारा विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिससे तैयारियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि यह महाआयोजन आष्टा नगर में एक नया इतिहास रचेगा तथा समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता को सुदृढ़ करेगा।अंत में आभार प्रदर्शन महासचिव पंकज यादव द्वारा किया गया।

# मुख्य बाजार में डंपर लोडिंग वाहनों पर लगा प्रतिबंध

**बायपास से किया डायवर्जन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर


डंपरों की लगातार आवाजाही के कारण निर्मित हो रही जाम लगने जैसी स्थिति

बाजार से निकलते हैं प्रतिदिन मुरम कोपरे से भरे हुए डंपर

**खबर का असर**

अहमदपुर के मुख्य बाजार में मुरम से भरे डंपर और लोडिंग वाहनों की आवाजाही से ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही थी। इससे आमजन, व्यापारी और ग्राहक सभी परेशान थे। इस मुद्दे को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाए जाने के बाद अब प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। पुलिस ने बायपास रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था को सख्त कर दिया है और वहां पर ट्रैफिक डायवर्जन बोर्ड लगाए गए हैं।

अब लोडिंग वाहन बाजार के मुख्य मार्ग से नहीं गुजर सकेंगे। थाना प्रभारी रमन सिंह और एसआई पुष्पेन्द्र यादव ने जानकारी दी कि मेन बाजार में लोडिंग वाहनों की आवाजाही से बढ़ती परेशानी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसके बावजूद यदि कोई भारी वाहन मुख्य बाजार में प्रवेश करता है, तो उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी। यह कदम आमजन की सुविधा और सुरक्षा के लिए उठाया गया है, जिससे कि बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके और व्यापारियों व ग्राहकों को राहत मिल सके। दैनिक हरिभूमि ने प्रमुखता से इस खबर को उठाया था जिसका असर अब देखने को मिला है स्थानीय पुलिस प्रशासन हरिभूमि की खबर के बाद से हरकत में आया और ओवरलोड डंपरों को डायवर्ट किया गया है।

### आज निकाली जाएगी महाकुंभ कलश यात्रा

**सीहोर।** शहर के इतिहास में पहली बार प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के तत्वाधान में निकाली जाने वाली शाही सवारी और महाकुंभ कलश यात्रा की तैयारियां पूर्ण हो गई है। भव्य कलश यात्रा शाम को पांच बजे शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर से निकाली जाएगी, जो शहर के कोतवाली चौराहा, मेन रोड, बड़ा बाजार, नमक चौराहा, नदी चौराहा से होते हुए कोलीपुरा स्थित मंदिर पर समापन किया जाएगा। भव्य कलश यात्रा के मुख्य यजमान नमिता अखिलेश राय, प्रभारी सन्नी सरदार, सह प्रभारी रजत मुंदडा, पंडित कुणाल व्यास आदि है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में होने वाले ऐतिहासिक संत समागम में देश भर के अनेक महंत, नागा साधु और अन्य अखाडों.के प्रमुख आ रहे है। दोपहर में मंदिर परिसर में संत समागम किया जाएगा और उसके पश्चात शाम को महाकुंभ की तर्ज पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर शहर में पांच हजार से अधिक महिलाओं को कलश और 151 नदियों के संकल्पित जल का वितरण यात्रा के प्रभारी सन्नी राजपाल और उनकी टीम ने किया है। संत माधव दास महाराज के सानिध्य में होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन 26 अप्रैल से मंदिर परिसर में किया जाएगा।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत आरोपी गिरफ्तार



**आष्टा।** 15 अप्रैल को सूचनाकर्ता द्वारा थाना आष्टा में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उसकी 16 साल 06 माह नाबालिग लड़की घर से बिना बताये कही चली गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना आष्टा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । प्रकरण में अपहृता की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इंदौर से अपहर्ता को दस्तयाव कर परिजनो को सुपुर्द किया गया है । नाबालिक बालिका ने पूछताछ मे बताया कि उसे मोहल्ले का दिलीप उर्फ गोलू पिता सुन्दरलाल उम्र 25 वर्ष निवासी इंद्रा कालोनी बहला फुसलाकर इंदौर ले गया था जिसने उससे विवाह कर लिया था। आरोपी दिलीप उर्फ गोलू को भी गिरफ्तार किया गया है। वैधानिक प्रक्रिया पश्चात आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

### ग्राम सतपोन में अंगूर की खेती का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के ने दोराहा तहसील के ग्राम सतपोन में किसान विजय सागर द्वारा की जा रही अंगूर की खेती का निरीक्षण किया और किसान से अंगूर की खेती मे उपयोग की जा रही तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान किसान विजय सागर ने कलेक्टर बालागुरू के. के बताया कि वे अपनी 02 हैक्टेयर जमीन में अंगूर की खेती कर रहे हैं। उन्होंने अपनी जमीन में महाराष्ट्र के नासिक से लाई गई विभिन्न किस्मों जैसे सिराज, सर्डने, रीजलिग, मस्कट, टेंपर निदो और पी नोट किस्म के अंगूर के लगभग 05 हजार पौधे लगाए हैं, जिनसे काले एवं हरे रंग के अंगूरों का उत्पादन होता है।

# पंचायती राज दिवस पर खंड स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस–2026 पर खण्ड स्तरीय कार्यक्रम संपन्नराष्ट्रीय पंचायत दिवस–2026 के अवसर पर जनपद पंचायत आष्टा के सभाकक्ष में खण्ड स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वकराधान (ऑन सोर्स रेवेन्यू - OSR) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।जिसमें ग्राम पंचायत-सिद्धिकगंज, मैना, मेहतवाड़ा, पगारिया राम, खड़ी हाट, भीलखेड़ी सड़क, जाफराबाद, किलेरामा, चाचरसी, नीलबड, सेवदा, डोडी व मुँदीखेड़ी के सरपंच और सचिव को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पंचायतों की सशक्तता, समन्वित विकास एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का स्पष्ट संदेश देखने को मिला।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान द्वारा उपस्थित ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों को सतत विकास के स्थानीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित कुमार व्यास द्वारा ग्राम पंचायतों को उनके समन्वित विकास के लिए आवश्यक रणनीति बना कर योजनाओं के सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए समझाइस दी गई ,साथ ही उन्होंने स्वयं के स्त्रोतों से राजस्व के अधिकतम प्राप्ति के लिए जानकारी दी गई।

उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से ग्राम स्तर पर संपत्ति कर ,जल कर ,स्वच्छता कर आदि को समय पर वसूलने तथा ग्राम स्तर पर उनके माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रेरित किया ,उक्त आयोजित कार्यक्रम ने पंचायत स्तर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई राह को दिखाया है ,कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समर्पण और कठोर परिश्रम ने यह सिद्ध किया कि यदि प्रशासनिक कार्यों में सही दिशा और दृढ़ प्रतिबद्धता हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। यह आयोजन उन सभी ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित हुआ, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट कार्य करते हुए विकास की नई मिसाल प्रस्तुत की है।अंत में ग्रामीण विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया,कार्यक्रम का समन्वयन गौरव सिंह राठौड़,ब्लॉक समन्वयक-स्वच्छ भारत मिशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्यगण एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

# ब्रम्हचारी प्रशांत भैया की होगी 26 को सिद्धक्षेत्र वेजयन्तिगिरी पर जेनेश्वरी दीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उक्त आशय के उद्गार आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रभावक शिष्य सिद्धक्षेत्र वेजयन्तिगिरी तीर्थ प्रणेता मुनि श्री मार्दव सागर जी महाराज के संघस्थ ब्रम्हचारी प्रशान्त भैया जी की जेनेश्वरी दीक्षा के पूर्व दिव्योदय जैन तीर्थ किला पर गोद भराई अनुमोदना समारोह के अवसर पर कहे भैया जी ने कहा कि बारहा भावनाओ का चिंतन ही हमारे लिए कल्याणकारी होगा सन्सार में सभी जीव सुख शांति के प्रयास के लिए रात दिन अपने सांसारिक कर्मो में लीन रहता है जीव का सन्सार में आना और जाना लगा ही रहता है कषायों पर ओर मायाचारी पर अंकुश लगाए बिना यह संसार का चक्र निरन्तर ऐसे ही चलता रहेगा अब वैराग्य की ओर हमारा पुण्य का उदय आया है हमने अब मन बना लिया है अब विषयो में नही रमेंगे चिदानंद का पान करेंगे सदैव धर्म का पुरूषार्थ करते रहना चाहिए प्रत्येक जीव का अपनी अपनी योग्यता के अनुसार अपनी अपनी भूमिका के अनुसार जीवन मे पुण्य पाप का उदय चलता रहता है।

इस चक्र का समझना आवश्यक है कर्म सिद्धांत को जानना आवश्यक होगा तभी हम मोक्ष मार्ग को समझ सकते है इसके लिए धर्म पुरुषार्थ करते रहना चहिये धर्म पुरुशार्थ से ही व्यक्ति अपने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है पूज्य मुनि श्री संस्कार सागर जी महाराज ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी जनो से दीक्षा की भावना भाने की बात कही हम सभी के जीवन मे यह दिवस जल्द आये और हम भी तीर्थंकर भगवान के कहे मार्ग पर चलकर अपना । मोक्ष मार्ग प्रशश्त करे! दिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री शरद जैन के अनुसार समाज के विशेष आग्रह पर आज प्रशांत भैया जी हमारे नगर पधारे ओर हमे गोद भराई अनुमोदना का अवसर प्रदान किया है इस अवसर पर समाज के महानुभावों ने माताओं बहनों ने भैया जी की सुखे मेवे फल फ्रूट आदि से गोद भराई कर मोक्ष मार्गी की अनुमोदना की प्रशांत भैया जी की जेनेश्वरी दीक्षा 26 अप्रैल रविवार को दोपहर 12 बजे पूज्य मुनि श्री मार्दव सागर जी महाराज के कर कमलों से सिद्धक्षेत्र वेजयन्तिगिरी तीर्थ पर सम्पन्न होगी। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है इस अवसर पर समाज के संरक्षक रमेश जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन महामन्त्री कैलाश जैन चित्रलोक द्वारा भी समस्त साधर्मी जनो से निवेदन किया गया कि 26 अप्रैल को होने जा रहे दीक्षा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सिद्धक्षेत्र वेजयन्तिगिरी पहुंच कर दीक्षार्थी की अनुमोदना कर लाभ अर्जित करे।

### माता पूजन को लेकर प्रशासन सतर्क, भौरासा में बैठक, पुलिस होगी तैनात

# एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में 29 अप्रैल को होने वाले गांव गैर माता पूजन को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधि सक्रिय हो गए हैं। आयोजन में एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए भौरासा थाना परिसर में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोनकच्छ एसडीएम आनंद मालवीय, एसडीओपी दीपा मांडवे, नायब तहसीलदार हर्षद बहरानी, थाना प्रभारी अनीता सिंह, विद्युत मंडल अधिकारी मंसूर अली सहित नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत ने बताया कि आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पूर्व में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों को लिखित आवेदन देकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया था।

### पांच स्थानों पर होगा माता पूजन

29 अप्रैल को नगर के पांच प्रमुख स्थानों पर शीतला माता पूजन होगा। इनमें माली मोहल्ला, कुमावत मोहल्ला, लोधी मोहल्ला, गोया भौरासा और खेड़ा स्थित शीतला माता मंदिर शामिल हैं। सभी स्थानों पर सुबह अंधेरे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू होने की संभावना है। आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इनमें दशहरा मैदान, संजय नगर कॉलोनी, भूतड़ा जी की झीन, स्कूल ग्राउंड, भंवरनाथ मंदिर ग्राउंड तथा खेड़ा मिर्जापुर रोड शामिल हैं।

### स्वास्थ्य विभाग रहा अनुपस्थिति

इतने बड़े आयोजन और भीषण गर्मी के बावजूद बैठक में स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी या डॉक्टर उपस्थित नहीं रहा। जब तापमान 40 डिग्री के आसपास है और बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपस्थिति चिंता का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि आखिर स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्या तैयारी की गई है। बैठक में एसडीएम की मौजूदगी के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की अनुपस्थिति को लेकर इसे लापरवाही या आदेशों की अनदेखी माना जा रहा है।

# किसानों को होगा लाभ, मिली बड़ी सौगात, बढ़ाई गेहूं खरीदी की सीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के लिए वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की सीमा 22 लाख मीट्रिक टन बढ़ाने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसान कल्याण वर्ष में मध्यप्रदेश के किसानों को बहुत बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश में एमएसपी पर गेहूं खरीदी की पूर्व निर्धारित 78 लाख मीट्रिक टन की सीमा को बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर मध्यप्रदेश के किसानों की मेहनत व उपज को सम्मान देने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री का यह निर्णय मध्यप्रदेश के किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब अधिक से अधिक गेहूं समर्थन मूल्य पर मध्यप्रदेश की सरकार खरीद सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के गेहूं को समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश की पहल पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी को 22 लाख मीट्रिक टन बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक करना प्रधानमंत्री का मध्यप्रदेश के किसानों के प्रति उनके प्रेम और स्नेह को दर्शाता है। पूर्व में केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश सरकार को इस वर्ष गेहूं खरीदी की निर्धारित अनुमान 78 लाख मीट्रिक टन किया था। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को अवगत कराया कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण के रूप में मना रही है। भाजपा सरकार के प्रयासों व अन्नदाता की कड़ी मेहनत से मध्यप्रदेश में गेहूं की बंपर पैदावार हुई है, इसलिए खरीदी की सीमा को बढ़ाया जाए। विधायक इंजीनियर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश में गेहूं के उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। केंद्र सरकार के इस निर्णय से मध्यप्रदेश के लाखों किसानों को फायदा होगा और लोगों का खेती के प्रति उत्साह और बढ़ेगा।

केंद्र सरकार द्वारा लिए गए निर्णय से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए भाजपा संगठन और सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को और बल मिलेगा। केंद्र सरकार के इस निर्णय से किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे और उनकी उपज का एक-एक दाना भाजपा सरकार खरीद सकेगी। किसानों के हितों को लेकर लिए गए इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान का एवं भाजपा संगठन का अन्नदाता किसानों भाईयों की ओर से आभार व्यक्त किया।